प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 17.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 500 गीगावॉट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री शर्मा आज जैसलमेर के पोकरण में एक निजी कंपनी के 975 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से बिजली कंपनियों को सस्ती दरों पर बिजली मिलेगी, ऊर्जा के परंपरागत माध्यमों पर निर्भरता कम होगी साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में न केवल सोलर पार्क स्थापित किया जा रहे हैं बल्कि सोलर प्लेट के निर्माण की इकाइयां लगाने के लिए भी अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। कार्यक्रम को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी संबोधित किया । इस दौरान राज्य के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे।

...........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने राष्ट्र हित को हमेशा प्रमुखता दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक सद्‌भाव और राष्ट्र निर्माण की दिशा में किये गये उनके प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर आज जयपुर में संगोष्ठी आयोजित की गई। असहमति और लोकतंत्र विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिरकत की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़, विधायक गोपाल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

.......................

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि राज्य सरकार जल स्रोतों के पुर्नजीवन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत जल संरचनाओं को फिर से मजबूत करने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने आज पुष्कर में बीर गांव के प्राचीन तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को इसके संरक्षण, सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि इस तालाब को मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पारंपरिक जल प्रबंधन तकनीकों के साथ आधुनिक संसाधनों का उपयोग कर जल स्तर को स्थायी रूप से बढ़ाया जाएगा।

.................

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज सिरोही जिले के आबू रोड़ में आंतरिक जागृति से आत्म सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत करेंगे। ब्रह्माकुमारी संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में चार दिन का ये राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देशभर से तीनों सेनाओं के अधिकारी, जवान, आईटीबीपी, सीआईएसएफ के जवान भाग लेंगे। इस दौरान ध्यान और योग पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। गृह मंत्री सेना और अन्य बलों के अधिकारियों को संबोधित करेंगे। वे संस्थान की प्रमुख प्रशासिका दादी रतन मोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके साथ ही नवनियुक्त मुख्य प्रशासिका बी के मोहिनी दीदी और अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका बी के मुन्नी दीदी को सम्मानित करेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

...................

उदयपुर के पाटिया क्षेत्र में कल एक कच्चे मकान में आग लगने से दो बच्चे जिंदा जल गए। इस दौरान बच्चों के मां माता–पिता बुरी तरह झुलस गए। उन्हें डूंगरपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने का कारण बिजली का तार कच्चे घर की घत पर गिरना बताया जा रहा है। उधर ब्यावर–पाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामलालपुरा घाटी में एक अन्य हादसे में ट्रेलर में आग लगने से चालक की मृत्यु हो गई। ये तेज रफ्तार ट्रेलर एक अन्य ट्रेलर से टकरा गया था। नागौर के जायल

उपखंड क्षेत्र के अंबाली चौराहे पर एक सड़क हादसे में एक महिला और बच्चे सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये सभी लोग एक दुकान पर खडे थे तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

......................

सवाई माधोपुर में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े के तहत आज आंगनबाड़ी केदो पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर गर्भवती और धात्री माता को समय पर टीकाकरण और उचित पोषण के बारे में जानकारियां दी गई। वहीं केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से खेरदा गुर्जर मोहल्ला में आंगनबाड़ी केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्यूरो के अधिकारी नेमीचंद मीणा ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मौखिक प्रश्नोत्तरी रखी गई। जोधपुर में भी ब्यूरो की ओर से बाल विवाह, पोषण पखवाडे और हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर विचार गोष्ठी रखी गई। सतलाना विद्यालय में आयोजित इस गोष्ठी में लोगों को पोषण की जानकारी दी गई।

................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष से बोर्ड की परीक्षा में गणित विषय में री–टोटलिंग के साथ–साथ री–चेकिंग की व्यवस्था का भी प्रावधान किया है। शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर ये फैसला लिया गया है। बोर्ड की ओर से जारी आदेश के अनुसार बोर्ड परीक्षा सत्र 2025–26 में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर री–टोटलिंग के साथ री–चेकिंग की जाएगी। यदि व्यवस्था गणित विषय में सफल रही तो आने वाले समय में सभी विषय में री–टोटलिंग के साथ री–चेकिंग का प्रावधान भी शुरू किया जायेगा।

..................

सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज भी सुनवाई होगी। इससे पहले कल हुई सुनवाई के दौरान कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ इन याचिकाओं की सुनवाई कर रही है।

...................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रैल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। ये सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

......................